लोक कलाकार प्रोत्साहन कार्ड

चर्चा में क्यों?

- 28 जुलाई, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोक कलाकारों को लोक कलाकार प्रोत्साहन कार्ड देने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार प्रदेश में लोक कलाओं का संरक्षण करने तथा लोक कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में ये मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023 के अंतर्गत वितरित किये जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2023-24 के बजट में मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना लागू करने की घोषणा की थी।
- इस योजना में लोक कलाकारों को प्रति परिवार प्रतिवर्ष 100 दिवस राजकीय उत्सवों, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं शिक्षण संस्थानों में कला प्रदर्शन के अवसर प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।
- इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत लोक कलाकारों को उनकी कला से संबंधित यंत्र-उपकरण क्रय करने के लिये 5 हज़ार रुपए राशि की एकबारीय आर्थिक सहायता देय है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/folk-artist-promotion-card